an>

title: Regarding taking action and provide relief to the people affected from flood.

श्री दहन मिश्रा (श्रावस्ती) : मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान नेपाल के पहाड़ों पर हुई मुसलाधार बारिश के उपरांत अपने क्षेत्र श्रावस्ती और बलरामपुर के हजारों गांवों में जो हाहाकार मचा हुआ है, उसकी तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं। हमारे संसदीय क्षेत्र के दोनों जिले श्रावस्ती और बलरामपुर नेपाल सीमा से लगे होने के कारण नेपाल के पहाड़ों पर सीधी बारिश पड़ती है और पानी बहुत तेजी के साथ आता है, जिससे लोगों को संभलने का मौका भी नहीं मिलता है। बुधवार को हुई भारी बारिश की वजह से आज हजारों गांव जलमग्न हो गए हैं। राप्ती नदी का जल स्तर लगातार बढ़ कर 104.85 तक बढ़ गया है और लगातार 5 सेंटीमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से पानी बढ़ रहा है। सबसे पहले बाढ़ में फंसे लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए। बाढ़ चौकियों और बाढ़ राहत शिविरों की स्थापना की जाए। बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए भोजन सहित तमाम दैनिक उपयोग की वस्तुओं का प्रबंध किया जाए। पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था की जाए। श्रावस्ती बलरामपुर में पीएसी की फ्लड बटालियन की स्थापना की जाए। एसडीआरएफ यूनिट की स्थापना की जाए क्योंकि यह प्रत्येक वÂर्ष की समस्या है।

माननीय अध्यक्ष : श्री भैरों प्रसाद मिश्र और कुंवर पुÂष्पेन्द्र सिंह चंदेल को श्री दहन मिश्रा द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।